तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार, 13 जुलाई 2025
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

3 झुमका वोट क्लब की सड़क पर मौत के गड्ढे!


## खबर संक्षेप

### प्रयास विद्यालयों में कक्षा 9वीं प्रवेश हेतु काउंसलिंग 15 से

**अम्बिकापुर**। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु चयनित विद्यार्थियों की वर्गवार प्रतीक्षा सूची जारी कर दी गई है। यह सूची विभागीय वेबसाइट पर अपलोड की गई है। आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर द्वारा जारी सूचना के अनुसार, प्रतीक्षा सूची में सम्मिलित विद्यार्थियों के लिए काउंसलिंग दिनांक, समय एवं स्थल निर्धारित कर दिए गए हैं। काउंसलिंग का आयोजन प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय, गुढ़ियारी, जिला रायपुर में किया जाएगा। काउंसलिंग के लिए अजजा एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह के बालक 15 जुलाई, अजजा एवं पीवीटीजी बालिका 16 जुलाई, अजजा बालक-बालिका 17 जुलाई, अन्य पिछड़ा वर्ग बालक-बालिका 18 जुलाई, सामान्य वर्ग एवं अल्पसंख्यक बालक-बालिका 18 जुलाई को अपने अभिभावक के साथ उपस्थित होने।

### औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश हेतु आवेदन 18 तक

**अम्बिकापुर**। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था लुण्ड्रा के प्राचार्य ने बताया कि संचालनालय, रोजगार एवं प्रशिक्षण, नवा रायपुर अटल नगर छग के अंतर्गत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2025-2026 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 16 जून से शुरू हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी द्वितीय चरण के प्रवेश के लिये आवेदन 13 से 18 जुलाई रात 11.59 बजे तक आवेदन कर सकते है।

### गिरने से गंभीर हुए वृद्ध की उपचार के दौरान गई जान

**अम्बिकापुर**। आस्ता थाना अंतर्गत ग्राम बहेरा कोना निवासी पांडू राम आ. सुखराम (65 वर्ष) 9 जुलाई की देर रात बाथरूम करने के लिए बाहर निकला था। इसी दौरान घर के बाहर गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायय को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव को पीएम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### ग्रामीण की संदिग्ध हालत में मौत, मर्ग कायम

**अम्बिकापुर**। जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम लटोरी बिहारपुर निवासी नरेश सिंह आ. स्व. होलसाय (45 वर्ष) बीती रात पत्नी से सिर में दर्द होने की शिकायत की। जिस पर घर में रखे दर्द का टेबलेट खिला दिया। टेबलेट खाने के बाद राहत मिलने पर सो गया। सुबह उठा और जैसे ही चाय पीने लगा तभी मुंह से झाग निकलने लगा और अचेत हो गया। परिजन नरेश को तत्काल शहर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**बैकुण्ठपुर**। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ वर्ष 2025 के लिए बजाज एलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को राज्य शासन द्वारा कोरिया जिले में अधिकृत बीमा प्रदाता नियुक्त किया गया है। इस योजना के अंतर्गत फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। कृषि विभाग द्वारा जिले के सभी कृषकों से अपील की गई है कि वे प्राकृतिक आपदाओं, कीट व रोग आक्रमण एवं फसल कटाई उपरांत होने वाले संभावित नुकसान से अपनी फसलों को सुरक्षित करने के लिए बीमा अवश्य कराएं। कोरिया जिले के लिए अधिसूचित फसलों में धान (सिंचित व असिंचित), उड़द, मूंग, मूंगफली, कोदो, कुटकी, मक्का, तुअर (अरहर), रागी एवं सोयाबीन शामिल हैं।

## आंगनबाड़ी भवन की छत हुई जर्जर, गिर रहा प्लास्टर, स्थापना के बाद से अब तक भवनविहीन है स्कूल

# किचन शेड के नीचे पढ़ाई कर रहे प्राथमिक शाला जंगल पारा के बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- बारिश के दिनों में सबसे ज्यादा परेशानी

टपकती छत, जर्जर भवन पर बिछाया गया तिरपाल, किचन में बैठकर पढ़ाई करते बच्चे यह तस्वीर है छत्तीसगढ़ का शिमला कहे जाने वाले मैनपाट के जंगलपारा प्राथमिक शाला की। वैसे तो शिक्षा व्यवस्था और बच्चों को बेहतर सुविधाएं देने के अनेकों दावे किए जा रहे है लेकिन इस स्कूल की हालत देखकर जिले में शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन की संवेदनशीलता का अंदाजा लगाया जा सकता है। स्थापना के बाद से अब तक स्कूल के बच्चों को अपना स्कूल भवन नसीब नहीं हो सका। कभी किराए के घर तो कभी आंगनबाड़ी भवन में पढ़ाई करने वाले आदिवासी समाज के इन बच्चों को अब बारिश के मौसम में किचन शेड के नीचे बैठकर पढ़ाई करनी पड़ रही है।

हम बात कर रहे है मैनपाट विकासखंड के अंतर्गत आने वाले कुदारीडीह के प्राथमिक शाला जंगल पारा की। इस स्कूल में बच्चों की दर्ज संख्या 29 है और वर्तमान में एक प्रधान पाठक समेत तीन शिक्षक यहां पदस्थ है। स्थापना के बाद से ही स्कूल का संचालन वर्षों तक निजी भवन में किया जाता रहा। जब मकान मालिक ने किराया मांगना शुरू किया तो फंड के आभाव में स्कूल को गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में शिफ्ट कर दिया गया और तभी से प्राथमिक शाला जंगलपारा आंबा केंद्र में संचालित हो रही है लेकिन अब यह आंगनबाड़ी भवन भी जर्जर हो चुकी है। इस बारिश में आंगनबाड़ी में सीपेज की समस्या शुरू हुई तो छत का प्लास्टर गिरना शुरू हो गया जिससे बच्चों के सिर पर खतरा मंडराने लगा। स्कूल के शिक्षकों द्वारा तिरपाल और प्लास्टिक बिछाकर छत को सीपेज से बचाने का प्रयास किया गया लेकिन इससे भी कोई मदद नहीं मिली। अब यह आंगनबाड़ी भवन पूरी तरह से जर्जर हो चुका है और सिर्फ एक छोटा हिस्सा ही कुछ हद तक बच्चों के बैठने के लिए सुरक्षित है।




खेत में भरे पानी के बीच किचन शेड, इसी शेड में सीलन के बीच जमीन पर बैठ पढ़ाई करते हैं बच्चे।

### ग्राम पंचायत खा गई भवन निर्माण की राशि

बताया जा रहा है कि स्कूल भवन के निर्माण हेतु वर्ष 2006 में राशि जारी की गई थी। उस समय ग्राम पंचायत को निर्माण एजेंसी बनाया गया था लेकिन ग्राम पंचायत के जिम्मेदार तत्कालीन सरपंच सचिव ने सिर्फ प्लिंथ लेबल का ही काम कराया और बाकी राशि आहरित कर ली गई। पिछले 19 सालों से बच्चे स्कूल भवन का इंतजार कर रहे है लेकिन ग्राम पंचायत बच्चों के हक का पैसा खा गई। हैरानी की बात तो यह है कि 19 साल में भवन का काम पूर्ण नहीं हुआ और अधिकारियों ने स्कूल निर्माण की राशि हजम करने वालों की जांच तक नहीं की। इधर विभाग की ओर से प्रस्ताव बनाकर भेजा गया लेकिन पहले से काम स्वीकृत होने के कारण शासन से पुनः स्वीकृति नहीं मिली।

#### शौचालय की भी दीवार उठाकर छोड़ा

प्राथमिक शाला जंगल पारा में बच्चों के लिए कोई शौचालय भी उपलब्ध नहीं है। शौचालय निर्माण के लिए राशि जारी हुई लेकिन बताया जा रहा है कि इसके निर्माण की जिम्मेदारी भी ग्राम पंचायत को थी और ग्राम पंचायत ने सिर्फ दीवार खड़ा कर छोड़ दिया। शौचालय का ना ही सेप्टिक टैंक बना है और ना ही सीट लगा है। ऐसे में स्कूल के बच्चे और बच्चियां खुले में शौच के लिए जाने को मजबूर है। इस दौरान बारिश के समय हर पल सांप बिच्छू और गाज का खतरा भी बना रहता है।

### किचन व भवन के एक हिस्से में 29 बच्चे

बच्चों के लिए पढ़ाई का एक मात्र सहारा आंगनबाडी भवन था लेकिन अब इसके जर्जर होने के बाद बच्चों को पास में मौजूद किचन शेड के नीचे बैठाकर पढ़ाया जाता है। शिक्षक कक्षावार छोटे से किचन शेड और आंबा भवन के छोटे से हिस्से में बारी बारी से पढ़ा रहे है। ऐसे में बच्चों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

#### सहायिका के घर में बन रहा खाना

आंगनबाड़ी भवन जर्जर होने के बाद देश के नौनिहालों का भविष्य किचन की छत के नीचे गढ़ा जा रहा है जबकि मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था प्रभावित ना हो इसका भी प्रयास स्कूल के शिक्षक और समूह की महिलाएं कर रही है। समूह की सहायिका का घर स्कूल के समीप ही है ऐसे में सहायिका अपने घर में बच्चों के लिए मध्यान्ह भोजन बनाती है।

### स्कूल मद से भी जारी नहीं हुई राशि

वर्षों से भवन विहीन स्कूल की जानकारी विकासखंड से लेकर जिला स्तर के अधिकारियों को भेजी जा रही है लेकिन किसी ने भी इस स्कूल के भवन को लेकर पहल नहीं की। प्रतिवर्ष स्कूलों को स्कूल मद से राशि जारी होती है जिससे मरम्मत के कार्य कराए जाते है लेकिन पिछले सत्र से स्कूल को यह राशि भी जारी नहीं हुई। हैरानी की बात यो यह है कि पिछले तीन दिनों तक प्रदेश की पूरी सरकार मैनपाट में थी और जिले के कलेक्टर भी तीनों दिन मैनपाट में ही मौजूद रहे। जिला अधिकारी वैसे तो कई स्कूलों का दौरा करते है लेकिन इस तरह के स्कूलों की सुध नहीं ली। ऐसे में यदि सरकार का कोई मंत्री स्कूल के निरीक्षण पर पहुंच जाता तो अव्यवस्था की पूरी गाज उस स्कूल के शिक्षकों और छोटे स्तर के अधिकारियों पर गिर जाती।

### बनाया जा रहा है प्रस्ताव

भवन विहीन स्कूल की जानकारी डीईओ कार्यालय पहले भी दी जा चुकी है। इस स्कूल के लिए भवन निर्माण की स्वीकृति 2006 में हुई थी लेकिन निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हुआ। जनपद सीईओ से इस सम्बन्ध में चर्चा की गई है और भवन निर्माण के लिए नया प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। जल्द ही नया प्रस्ताव बनाकर उच्च अधिकारियों के माध्यम से शासन को प्रेषित किया जाएगा।

-योगेश साही
बीईओ मैनपाट

# बिहार जा रही कार नहर में गिरी, बिश्रामपुर माइनर्स कॉलोनी निवासी दो महिलाएं व एक बच्चे की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- सेवानिवृत्त कोलकर्मी प्रेम चंद सिंह की पत्नी निर्मला देवी, बहु नीतू सिंह व 10 वर्षीय पोता अस्तित्व की हुई मौत

बिहार के पटना जिले के पालीगंज अनुमंडल के रानी तालाब थाना क्षेत्र के सरैया गांव में शनिवार की प्रातः करीब सवा पांच बजे हुए सड़क हादसे में कार सवार पांच लोगों में से तीन की मौत हो गई है।कार सवार पांचों लोग बिश्रामपुर माइनर्स कॉलोनी निवासी रिटायर्ड कॉलरी कर्मी के परिवार के सदस्य थे।बताया गया कि बिश्रामपुर माइनर्स कॉलोनी निवासी रिटायर्ड कॉलरी कर्मी प्रेमचन्द सिंह के पुत्र नंदन सिंह अपनी मारुति ऑल्टो कार क्रमांक सीजी 15 सीयू 5367 में अपनी मां निर्मला देवी,पत्नी नीतू सिंह,पुत्र अस्तित्व सिंह,पुत्री रिद्धि सिंह के साथ शुक्रवार की शाम साढ़े सात बजे अपने मूल निवास वैशाली हाजीपुर महुआ के लिए निकले थे।कार को रिटायर कोल कर्मी के पुत्र नंदन सिंह 38 वर्ष ड्राइव कर रहे थे।बताया गया कि सुबह तड़के अचानक उन्हें झपकी आ गई जिससे कार अनियंत्रित हुई और कार सहित सभी नहर में जा




गिरे जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला गया।हादसे में नंदन सिंह की मां निर्मला देवी 52 वर्ष,नंदन सिंह की पत्नी नीतू सिंह 36 वर्ष,पुत्र अस्तित्व सिंह 10 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई।जबकि कार चल रहे नंदन सिंह 38 वर्ष व उनकी पुत्री रिद्धि सिंह 12 वर्ष घटना में किसी तरह बच निकले।सूचना पर मौके पर पहुंची रानी तालाब पुलिस ने जेसीबी मशीन के सहारे कार को नहर से बाहर निकाला व शव के पंचनामा के बाद तीनों शव का पटना में पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।सूचना पर नंदन सिंह के परिवार के दूसरे सदस्य भी घटना स्थल पहुंच गए है जो तीनों के शवों को लेकर बिश्रामपुर जिला सूरजपुर आ रहे हैं।रविवार को शव पहुंचने के बाद मृतकों का अंतिम संस्कार किया जायेगा।घटना से नगर के माइनर्स कॉलोनी में शोक व मातम का माहौल निर्मित हो गया है।हादसे में नंदन सिंह व उनकी पुत्री रिद्धि सिंह को भी अंदरूनी चोटें लगी हैं।

#### अपने साले की 50वीं सालगिरह कार्यक्रम में होना था शामिल

बताया गया कि नंदन सिंह के साले की 50 वीं सालगिरह पर नंदन के ससुराल में भव्य आयोजन किया गया था जिसमें शामिल होने नंदन सिंह सपरिवार अपने सुसराल के लिए निकले थे, इसी दिन सुबह तड़के ये गमगीन हादसा हो गया।बताया गया कि घटना के ठीक पहले प्रेमचंद सिंह अपने पुत्र नंदन से मोबाइल में बात कर हाल चाल जाना था, तब नंदन ने बातचीत की, कि बस अब घर पहुंचने वाले ही हैं तभी कुछ पल बाद यह हादसा हो गया।प्रेमचंद सिंह को जैसे ही हादसे की खबर लगी तो वे अपना दिमागी संतुलन व सुध खो बैठे हैं।हादसे में इकलौता पोता, पत्नी, बहु की मौत की खबर ने उन्हें बेसुध कर दिया है।हादसे की खबर के बाद आज शनिवार को बड़ी संख्या में लोग उनके घर पहुंचकर प्रेमचंद सिंह को सांत्वना दे रहे हैं।प्रेमचंद सिंह का पोता अस्तित्व डीएवी विद्यालय में पांचवीं कक्षा का छात्र था।हंसमुख व मिलनसार परिवार प्रेमचंद सिंह के घर हुए हादसे से नगरवासी स्तब्ध हैं।

# पेड़ से टकराई स्कोर्पियो, युवक और किशोरी की मौत

- चठिरमा के समीप हुई घटना, वाहन में सवार थे तीन चार नाबालिग समेत 5 लोग

**अंबिकापुर**। शुक्रवार की रात बनारस रोड में चठिरमा बेरियर के समीप तेज रफ्तार स्कोर्पियो वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई घटना के दौरान वाहन में दो युवती और तीन युवक समेत 5 लोग सवार थे। सड़क दुर्घटना में घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां एक किशोरी और एक युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच जारी है।

बताया जा रहा है कि शुक्रवार की रात जशपुर जिले के जरिया निवासी 19 वर्षीय जतिन राज कुजूर आ. स्व.संतोष कुजूर, दरिमा चिता बहार निवासी 16 वर्षीया सरिता मिंज आ. तेजन राम, जयनगर रविन्द्रनगर निवासी 16 वर्षीया ख़ुशी शाह आ. खगेश शाह, बैकुंठपुर निवासी 17 वर्षीय अनुपम बड़ा आ. अजीत बड़ा व सीतापुर निवासी 17 वर्षीय अर्पित बड़ा स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी 15 ईई 9601 से अंबिकापुर से बनारस रोड में चठिरमा की ओर जा रहे थे। इस दौरान चठिरमा बेरियर के समीप युवकों की तेज रफ्तार स्कार्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने घटना की जानकारी गांधीनगर पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा किसी तरह घायलों को निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस घटना में गंभीर रूप से घायल जतिन व सरिता मिंज को



मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया था जहां रात में उपचार के दौरान जतिन राज कुजूर की मौत हो गई जबकि सरिता मिंज को आईसीयू में भर्ती कराया गया है। इसी तरह खुशी शाह, अनुपम बड़ा और अर्पित बड़ा को मिशन अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां देर रात खुशी शाह की मौत हो गई जबकि अनुपम बड़ा और अर्पित बड़ा का उपचार जारी है। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच जारी है।

#### रिश्तेदार के घर आई थी मृतिका

अब तक की जांच में जो बात सामने आई है उसके मुताबिक़ मृतिका खुशी शाह के चाचा मुकेश साह ने पुलिस को बताया है कि नाबालिग लड़की दो दिनों पहले रिश्तेदारी में अंबिकापुर आई थी। इसके बाद वह कहां जा रही थी इसकी जानकारी परिजन को नहीं है। वहीं जतिन के परिजन का भी बयान है कि उन्हें रात में पुलिस के माध्यम से दुर्घटना की जानकारी मिली है। बताया जा रहा है कि अनुपम और अर्पित शहर के निजी स्कूल में रहकर पढाई करते थे। तीन युवक और दो युवती एक वाहन में कहां जा रहे थे इसकी जानकारी किसी के परिजन को नहीं है। इधर घायलों की हालत गंभीर होने के कारण पुलिस भी उनका बयान नहीं ले पाई है। इस संबंध में थाना प्रभारी गांधीनगर प्रदीप जायसवाल ने बताया कि फिलहाल दुर्घटना की शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

# पुटुस झाड़ी में छिपाकर रखा था भरमार बंदूक, आरोपी युवक गिरफ्तार

राजपुर। 11 जुलाई को शंकरगढ़ पुलिस टीम थाना प्रभारी जितेन्द्र जायसवाल के नेतृत्व में एक मर्ग जांच के लिए जोकापाठ क्षेत्र में गई हुई थी। इस दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि गांव का राहू पहाड़ी कोरवा अपने घर में भरमार छिपाकर रखा हुआ है। सूचना के बाद पुलिस टीम ने एसपी वैभव बैंकर के निर्देश पर घेब्र्दी कर रामू पहाड़ी कोरवा को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर पुटुस झाड़ी में छिपाकर रखा हुआ एक नाल वाला भरमार बंदूक बरामद किया। युवक के पास भरमार कैसे पहुंचा फिलहाल युवक ने नहीं बताया है कि लेकिन संभावना है कि युवक भरमार बंदूक से जंगल में जंगली सूअरों का अवैध रूप से शिकार करने का काम करता था। पुलिस ने आरोपी जोकापाठ लालधरा निवासी 25 वर्षीय रामू पहाड़ी कोरवा आ. नान साय पहाड़ी कोरवा को 25 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर भरमार को जब्त किया है।



# हाउसिंग बोर्ड कालोनी में खुलेगा ओपन जिम, बाक्स क्रिकेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण करने पहुंचे हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष ने अधिकारियों संग किया निरीक्षण

सरगवां हाउसिंग बोर्ड कालोनी में ओपन जिम एवं बॉक्स क्रिकेट की सुविधा कालोनी वासियों को मिलेगी। हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव ने बोर्ड के अधिकारियों को कहा कि शेष बचे कार्य दीपावली से पूर्व कर लिए जाए। इस मौके पर लुण्ड्रा विधायक, महापौर, सभापति, भाजपा जिलाध्यक्ष सहित कई जनप्रतिनिधि व वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

सरगवां स्थित वॉटरपार्क हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी में शनिवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव के साथ लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, नगर निगम महापौर मंजूषा भगत, सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती दिव्या सिंह, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष अखिलेश सोनी, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया सहित निगम के अन्य पार्षदगणों, वरिष्ठ नागरिकों ने कॉलोनी में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया। वृक्षारोपण के तहत नीम, बरगद, के साथ कई फलदार वृक्षों के पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर बोर्ड के अध्यक्ष सिंहदेव ने वृक्षारोपण को आज के परिपेक्ष्य में बेहद अहम बताया। लुण्ड्रा विधायक ने कहा कि इस आयोजन को एक बड़ा अभियान बनाने की आवश्यकता है। हाउसिंग बोर्ड द्वारा इस वृक्षारोपण के बाद कॉलोनीवासियों ने कालोनी में गार्डन, ओपन जिम की मांग रखी एवं अपनी छुटपुट समस्याओं को बोर्ड के अध्यक्ष के सामने रखा। इस मौके पर उपस्थित हाउसिंग बोर्ड के डिप्टी कमिश्नर पूनम अग्रवाल, हाउसिंग बोर्ड के ई.ई. अजीत मिंज व एसडीओ अधिकारियों के साथ बोर्ड के अध्यक्ष ने कॉलोनी का निरीक्षण किया एवं अधिकारियों को निर्देशित किया कि कॉलोनी के शेष कामों में तेजी लाएं और दीपावली तक इसे पूर्ण कर लें।

कॉलोनी वासियों की मांग पर बोर्ड के अध्यक्ष सिंहदेव ने कालोनी में पार्क को डेवलप कर ओपन जिम एवं बॉक्स क्रिकेट खोलने को कहा। इस अवसर पर निगम के पार्षद निरंजन राय मनोज कंसारी, शिवमंगल सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष जन्मेजय मिश्रा, निश्चल सिंह, तजिंदर बग्गा, आशुतोष सिंह, अरूणा सिंह, अवधेश सोनकर, देव गुप्ता, श्याम गुप्ता, जफर खान, राजेन्द्र सिंह, रवि खरे, प्रियंका चौबे, नीलम राजवाड़े आदि उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर प्राचार्य की नौकरी

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के पूर्व जिला पंचायत सदस्य दूगपाल सिंह ने कलेक्टर एमसीबी के नाम पर जनदर्शन में आवेदन देकर एक प्राचार्य के द्वारा फर्जी तरीके से निवास एवं जाति प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी प्राप्त करने के संबंध में जांच कराए जाने की मांग की है। उन्होंने आवेदन पत्र के साथ कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत का आदेश भी संलग्न किया है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य दूगपाल सिंह ने आवेदन पत्र में लेख किया है।

### जमगहना में चला पौधरोपण अभियान

**बैकुण्ठपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जमगहना के परिसर में शनिवार को शासन की महत्वाकांक्षी योजना एक पेड़ मां केक नाम अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, शिक्षकों, पालकों-अभिभावकों तथा छात्र-छात्राओं द्वारा पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं पौधों के संरक्षण व संवर्धन के लिए सामूहिक रूप से शपथ ली गई। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत जमगहना की सरपंच श्रीमती दीपा सिंह, उप सरपंच संतोष देवांगन सचिव विजय जायसवाल, रोजगार सहायक जय प्रकाश, प्राचार्य पीसी यादव एवं सभी शिक्षकगण, पालक, एसएमडीसी सदस्यों एवं सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### जंगल में मिली व्यक्ति की अर्द्धजली लाश

**बैकुण्ठपुर।** जिले के कटगोड़ी से नगर रोड पर परेवा घाट के पास सड़क किनारे जंगल में शनिवार सुबह एक व्यक्ति की अर्द्धजली लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव की स्थिति देखने पर प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मृतक के बाएं हाथ में घड़ी पहने हुए था और शरीर पर ओम का गोदना (टैटू) भी चिन्हित किया गया है।

### शहर के ओड़गी तिराहा से सागरपुर मार्ग जर्जर, राहगीर त्रस्त

# झुमका वोट क्लब की सड़क पर मौत के गड्ढे!

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला मुख्यालय की सड़कों की हालत चीख-चीख कर अपनी दुर्गति बयां कर रही है। बारिश के मौसम में जहां सड़कों की मरम्मत होनी चाहिए थी, वहां आज गड्ढे ही गड्ढे दिखाई दे रहे हैं। शहर से लेकर पर्यटन स्थल और प्रशासनिक अफसरों के घर तक जाने वाले मार्गों की हालत इतनी जर्जर हो चुकी है कि अब ये सड़के सुविधा नहीं, बल्कि दुर्घटनाओं का कारण बनती जा रही हैं। आम जनता, वाहन चालक, श्रद्धालु, पर्यटक हर कोई त्रस्त है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी बेपरवाह बने हुए हैं।

सागरपुर झुमका वोट क्लब सहित आसपास के क्षेत्रों की सड़कें अब आम जनता के लिए परेशानी ही नहीं, बल्कि जानलेवा बन चुकी हैं। लगातार बारिश और समय-समय पर मरम्मत न होने के कारण सड़कों पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बन चुके हैं। आलम यह है कि कई मार्गों पर वाहन चलाना तो दूर, पैदल चलना भी जोखिम से भरा हो गया है। ओड़गी नाका से ओड़गी-सागरपुर की ओर जाने वाला मुख्य मार्ग पूरी तरह से गड्ढों से पट चुका है। बारिश में इन गड्ढों में पानी भर जाने से सड़कों का अस्तित्व ही मिट जाता है और हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। यह मार्ग ना सिर्फ आम जनता, बल्कि प्रशासनिक अफसरों के लिए भी संपर्क मार्ग है, बावजूद इसके मरम्मत नहीं की गई।



झुमका रोड के सड़क में बने जानलेवा गड्ढे।



#### कलेक्टर निवास पहुंच मार्ग भी उपेक्षित

शहर की सबसे विडंबनात्मक स्थिति यह है कि कलेक्टर निवास तक जाने वाला मार्ग भी बुरी तरह से जर्जर हो चुका है। यह मार्ग ओड़गी तिराहा से होकर गुजरता है। जिले की प्रमुख सड़कों की इस दयनीय स्थिति को देखते हुए लोगों को उम्मीद है कि प्रशासन जल्द इस पर ध्यान देगा। यदि समय रहते मरम्मत कार्य नहीं कराया गया, तो आने वाले दिनों में दुर्घटनाओं और जनता के आक्रोश का सामना करना पड़ सकता है।

#### झुमका और रमदईया धाम की राह भी बदहाल

पर्यटन विकास पर लाखों रूपए खर्च करने का दावा तो किया जा रहा है, लेकिन हकीकत यह है कि झुमका वोट क्लब और रमदईया धाम तक पहुंचने वाले मुख्य मार्गों की हालत अत्यंत खराब है। यह सड़कें गड्ढों और कीचड़ से भरी पड़ी हैं, जिससे श्रद्धालुओं और पर्यटकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**पर्यटन स्थलों तक पहुंचने वाले रास्ते भी टूटे-फूटे** पर्यटन विकास पर लाखों खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन पर्यटन स्थलों तक पहुंचने वाले मार्ग उपेक्षा के शिकार हैं। झुमका वोट क्लब और रमदईया धाम जैसे लोकप्रिय स्थलों तक जाने वाले रास्ते बेहद खराब हो चुके हैं। झुमका के लिए जाने वाला ओड़गी मार्ग और रमदईया धाम के लिए चेर से जाने वाला रास्ता कई किमी तक गड्ढों से भरा है, जिससे श्रद्धालु और पर्यटक दोनों परेशान हैं।

## मिशन शक्ति एचयूबी ने बढ़ाया महिलाओं का आत्मविश्वास

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

भारत सरकार की बहुप्रशंसित योजना बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण मिशन शक्ति (एचयूबी) द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के निर्देशन में विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर 11 जुलाई को जिले की मनेन्द्रगढ़, चिरमिरी, खड़गवां और जनकपुर परियोजनाओं में जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को बढ़ती जनसंख्या दर के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना और परिवार नियोजन, महिला शिक्षा व सशक्तिकरण के संदेश को व्यापक रूप से फैलाना था। शिविरों



का आयोजन कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी आरके खाती के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का समन्वय जिला मिशन समन्वयक (मिशन शक्ति एचयूबी) श्रीमती तारा कुशवाहा द्वारा किया गया, जिन्होंने सभी परियोजनाओं में उत्कृष्ट संचालन और मार्गदर्शन प्रदान किया। मनेन्द्रगढ़ परियोजना में आयोजित शिविर में मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि सरजू यादव सहित मुकेश अग्रवाल, अजय जायसवाल, काशी प्रसाद, सुनैना विश्वकर्मा, सुशीला सिंह, उर्मिला जायसवाल, माया सोनकर, नीलू जायसवाल, हुसैना बेगम और शांता जायसवाल सहित अनेक गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया। इस अवसर पर सेक्टर सुपरवाइजर श्रीमती सुमन सिंह की भूमिका सराहनीय रही। वहीं खड़गवां परियोजना में कृषि, स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग के प्रतिनिधियों, जनपद सदस्यों और सरपंचों ने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई। वहीं चिरमिरी परियोजना में महापौर रामनरेश राय एवं परियोजना अधिकारी सहित स्थानीय जनसमुदाय ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। जनकपुर में विधायक प्रतिनिधि दुर्गाशंकर मिश्रा, नगर पंचायत अध्यक्ष, पार्षदगण और विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम ने जनजागरूकता के नए आयाम स्थापित किए।

## बाइक चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

जिले के थाना क्षेत्र में बढ़ती वाहन चोरी की घटनाओं के बीच पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। चरचा थानांतर्गत मोटर साइकिल चोरी के एक मामले में पुलिस ने आरोपी गुललार अहमद को गिरफ्तार कर चोरी की गई बाइक बरामद कर ली है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 10 जुलाई को प्रार्थी अभयकांत पिता मुंशी राम उम्र 40 वर्ष निवासी पश्चिमी नेपाल गेट चरचा, थाना चरचा में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 3 अप्रैल की रात करीब 8 बजे उसने अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक बीआर 26 सी 6177 को अपने घर के सामने खड़ा किया था, जिसे अज्ञात



चोर चोरी कर ले गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल विवेचना प्रारंभ की। विवेचना के दौरान संदेहियों से लगातार पूछताछ की जा रही थी, इसी बीच पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति उक्त चोरी की बाइक को छठघाट की ओर ले जा रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी प्रमोद पाण्डे के नेतृत्व में टीम गठित कर घेराबंदी की गई, जहां एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम गुललार अहमद पिता मोहम्मद कलीम उम्र 26 वर्ष निवासी कॉपरेटिव लाइन चरचा बताया। जब उससे सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की गई बाइक जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 20 हजार रूपए है, बरामद कर ली है। आए दिन हो रही हैं वाहन चोरी की घटनाएं गौरतलब है कि चरचा क्षेत्र में लगातार वाहन चोरी की घटनाएं सामने आ रही है, इससे पूर्व स्टांप कॉलोनी में एसईसीएल कर्मचारी सुनील बर्गीश की बाइक घर की बाउंड्री से चोरी हो गई थी, जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज है, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है।

## वनांचल में शिक्षकों की हुई नियुक्ति

**बैकुण्ठपुर।** जिले के सोनहत व बैकुंठपुर विकासखंडों के प्राथमिक, माध्यमिक और हाई स्कूलों में विषय-विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति के बाद न केवल शैक्षणिक माहौल में सुधार हुआ है, बल्कि विद्यार्थियों की उपस्थिति में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के अंतर्गत विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और अंग्रेजी जैसे विषयों के शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार अब प्रत्येक विषय के लिए समुचित रूप से प्रशिक्षित शिक्षक उपलब्ध हैं, जिससे बच्चों को पढ़ाई में बेहतर मार्गदर्शन मिल रहा है। छात्र- छात्राएं अब सभी विषयों की पढ़ाई नियमित रूप से कक्षा में ही प्राप्त कर पा रहे हैं ।

## अवैध रेत परिवहन करते 6 वाहन जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देश पर तथा पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में जिला खनिज उड़नदस्ता दल एवं पुलिस विभाग ने 8 और 9 जुलाई को झगराखंड, तेन्दुदंड और भल्लौर क्षेत्रों में बड़ी कार्रवाई करते हुए रेत एवं गिट्टी के अवैध परिवहन में लिप्त छह वाहनों को जब्त किया है।

इस संयुक्त दल ने हसदेव एवं हसिया नदी क्षेत्र का सघन निरीक्षण कर झगराखंड क्षेत्र से 4 ट्रैक्टर और 1 टिप्पर तथा भल्लौर क्षेत्र से 1 ट्रैक्टर वाहन को अवैध परिवहन में संलिप्त पाते हुए जब्त किया। जब्त वाहनों में से एक ट्रैक्टर वाहन को कलेक्टोरेट परिसर में तथा शेष पांच वाहनों को झगराखंड थाने में सुरक्षार्थ रखा गया है। सभी छह वाहनों के विरूद्ध खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23 के अंतर्गत विधिसम्मत कार्रवाई की गई है, इसके अतिरिक्त ग्राम बिछियाटोला में शिशुपाल पनिका के नाम से स्वीकृत खनिज रेत अस्थायी भंडारण अनुज्ञा की शर्तों के उल्लंघन पर छग खनिज (खनन, परिवहन तथा भंडारण) नियम 2009 के उपनियम 7(4) के तहत कार्रवाई करते हुए 50,000 का अर्थदंड अधिरोपित किया गया, जिसे खनिज मद में जमा कराया गया है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के दिशा-निर्देशों के अनुसार 10 जून से 15 अक्टूबर तक राज्य में रेत खनन पूर्णतः प्रतिबंधित है।












## खबर संक्षेप



### सरगवां में मनाया गया संकुल स्तरीय प्रवेश उत्सव

**अम्बिकापुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरगवां में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज के मुख्य आतिथ्य एवं जिपं सदस्य श्रीमती दिव्या भारत सिंह सिसोदिया की अध्यक्षता तथा मनीष ली, राजेश सरदार, जनपद सदस्य विजय बैरागी, उपसरपंच कृष्णा सिंह, की उपस्थिति में किया गया। प्राचार्य श्री संजीव कुमार सिंह ने विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। विधायक श्री मिंज ने छात्र-छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने 10वीं एवं 12वीं बोर्ड में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले अपने क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को 25 हजार का पुरस्कार देने की घोषणा की। जिपं सदस्य श्रीमती दिव्या सिंह ने विद्यालय के मैदान का समतलीकरण एवं पेयजल की व्यवस्था करने की घोषणा की। अतिथियों ने एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण किया। इस दौरान संकुल के सभी प्राथमिक और माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक एमडीसी के सदस्य एवं विद्यालय के अजय गुप्ता, अशोक राय, रेखा सिंह, रजनी गुप्ता, सविता सिंह, प्रमिला शर्मा, प्राची सिंह, आरती सेठी, रंजना सिंह, पूर्णिमा अवस्थी आदी उपस्थित थीं।

### रजनीश बने अंबिकापुर शहर कांग्रेस मंडल अध्यक्ष

**अंबिकापुर।** पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव की अनुशंसा एवं जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा के अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक के निर्देश पर रजनीश सिंह को



अंबिकापुर शहर कांग्रेस मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के उदयपुर राष्ट्रीय अधिवेशन में पारित संगठनात्मक प्रस्तावों के अनुरूप की गई है। रजनीश सिंह वर्तमान में जिला कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ के अध्यक्ष भी हैं और लंबे समय से कांग्रेस संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उन्हें शहर के आठ वार्डों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी संगठन के हर कार्यक्रम और सामाजिक आयोजन में उनकी सक्रिय भागीदारी रही है। उनकी नियुक्ति को संगठन के प्रति समर्पण के रूप में जोड़कर देखा जा रहा है।

### विकासखंड में कांग्रेस ने 9 मंडल अध्यक्षों को दी नियुक्ति



**लखनपुर।** कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत अंबिकापुर राजीव भवन में आयोजित जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में लखनपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अंतर्गत 9 मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। लखनपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अंतर्गत अरगोती मंडल देवनारायण सिंह, राजाकटेल माजा मंडल के जमील खान, पलगड़ी मंडल सूरज सिंह, चांदो मंडल भूखल राम, गोरता मंडल मुकेश सिंह, लखनपुर मंडल दिनेश कुमार अग्रवाल, रजपुरी कला मंडल विनोद सिंह, रामपुर लटोरी मंडल जागरोपन यादव, जूना लखनपुर मंडल से रमेश जायसवाल को मंडल अध्यक्ष के पद पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक के द्वारा भूत स्तर पर माइक्रो मैनेजमेंट की दृष्टि से नियुक्त किया गया है। भौगोलिक क्षेत्र, मतदाता की संख्या आदि के आधार पर एक मंडल अध्यक्ष विभिन्न बूथों के बीएलए के बीच कार्य करते हुए बूथ और अनुभाग स्तर पर पार्टी के जनाधार को मजबूत करेगा। मंडल अध्यक्ष को बीएलए के नियुक्ति का अनुशंसा का अधिकार होगा। मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

### सुरेन्द्र बने एनएसयूआई विश्वविद्यालय अध्यक्ष

**अंबिकापुर।** पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने छात्र नेता सुरेंद्र गुप्ता को संत गहिरा



गुरु विश्वविद्यालय में कांग्रेस के छात्र विंग एनएसयूआई का अध्यक्ष नियुक्त होने पर बधाई दी है। एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष आशीष जायसवाल ने विश्वविद्यालय में रिक्त अध्यक्ष पद के लिए सुरेंद्र गुप्ता के नाम की अनुशंसा की थी जिसपर प्रदेश नेतृत्व ने उनकी नियुक्ति की है। इस नियुक्ति से सरगुजा जिले में कांग्रेस के छात्र विंग एनएसयूआई में हर्ष व्याप्त है। पूर्व उपमुख्यमंत्री से सौजन्य मुलाकात में सुरेंद्र गुप्ता ने उन्हें आश्वस्त किया है कि वो विश्वविद्यालय में छात्रों के हित में पूर्ण सामर्थ्य के साथ काम करेंगे।

## निधन

### विश्वनाथ सिंह

**अम्बिकापुर।** शहर मिशन चौक निवासी सेवा निवृत्त शिक्षक विश्वनाथ सिंह का शनिवार को निधन हो गया। वे 91 वर्ष के थे। वे कृषि विभाग के सेवानिवृत्त सर्वेयर राकेश रमण सिंह के पिता थे तथा वर्तमान में संजय नगर स्थित अपने नए आवास में परिवार के साथ रह रहे थे। उनका अंतिम संस्कार रविवार को वाराणसी स्थित मणिकर्णिका घाट पर किया जाएगा।

## गुणवत्ताहीन निर्माण से ग्रामीणों में आक्रोश

# बनने के एक सप्ताह बाद ही उखड़ गई 22.5 लाख की पीएम जनमन सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

विभाग के अधिकारियों एवं ठेकेदारों की मनमानी के कारण क्षेत्रवासियों को शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। दूरस्थ क्षेत्रों में स्वीकृत निर्माण कार्यों में अधिकारी जमकर लापरवाही बरत रहे हैं।

**खास बात**

- सड़क उखड़ने से आवागमन में हो रही परेशानी

दूरस्थ क्षेत्र के पहाड़ी कोरवा समुदाय के लोगों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से शासन द्वारा विभिन्न प्रकार के विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इसी उद्देश्य से जनपद पंचायत लुण्ड्रा अंतर्गत जनमन योजना के तहत ग्राम पंचायत भेड़िया से पहाड़ी कोरवा बस्ती सरईपानी तक 5 किमी लम्बी जनमन सड़क निर्माण के लिए 22.5 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई थी। टेंडर की प्रक्रिया पूरी होते ही ठेकेदार ने सड़क का निर्माण प्रारंभ कर दिया। जल्द बारिश शुरू होने के दबाव में ठेकेदार ने सड़क निर्माण की प्रक्रियाओं को पूरा किए बिना ही सीधे गिट्टी बिछाकर डामरीकरण कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण के पूर्व भार क्षमता को नियंत्रित करने गड्ढा खोदकर गिट्टी एवं मुरूम की भराई कर आधार तैयार किया जाता हैं साथ ही रोलर चलाकर आधार को मजबूती दी जाती है ताकि भविष्य में सड़क दबने की समस्या न हो। ठेकेदार ने न तो आधार तैयार किया और न ही कभी रोलर चलाया तथा सीधे





खड़ी सड़क।

छोटी गिट्टी बिछाकर डामरीकरण कर दिया। बिना आधार एवं रोलर के उपयोग किए सड़क निर्माण पर ग्रामीणों ने आपत्ति भी जताई लेकिन निर्माण पर इसका प्रभाव नहीं पड़ा। नतीजा हुआ निर्माण के एक सप्ताह बाद हुई पहली बारिश में ही नवनिर्मित सड़क जगह-जगह पर दब गई तथा डामर उखड़ने के कारण बड़े-बड़े गड्ढे. बन गए। सड़क में कई स्थानों पर लम्बी दरारें भी आ गई हैं। निर्माण की खानापूर्ति के विरूद्ध क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश है। विभाग की उपयंत्री सरिता ठाकुर ने निर्माण पूरा नहीं होने का हवाला देकर ठेकेदार से दोबारा सड़क का निर्माण कराने का आश्वासन दिया था लेकिन एक महीने का लम्बा समय गुजरने के बाद भी नवनिर्मित गुणवत्ताहीन सड़क की हालत जानने न तो विभाग के अधिकारी पहुंचे न ही ठेकेदार। विभाग की लापरवाही से क्षेत्रवासी आक्रोशित हैं।

### नहीं बनी पुलिया

जनमन सड़क में कई पहाड़ी नाले हैं जो बारिश होते ही उफान पर आ जाते हैं तथा आवागमन बंद हो जाता है। ठेकेदार ने सड़क निर्माण की खानापूर्ति तो पूरी कर दी है लेकिन अभी तक पुलियों एवं चिन्हांकित स्थानों पर सीसी सड़क का निर्माण नहीं हो सका है। इस बार 20 दिनों तक लगातार बारिश होने के कारण बरसाती नालों में उफान आने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बरसात में पुल-पुलियों का निर्माण भी संभव नहीं है ऐसे में बरसात खत्म होने के बाद ही अधूरे कार्यों का निर्माण शुरू होने की संभावना है।

### ग्रामीण करेंगे आंदोलन

इधर गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण से क्षेत्रवासी आक्रोशित हैं तथा चक्काजाम आंदोलन करने की तैयारी कर रहे हैं। इस संबंध में ग्राम पंचायत रवई के उप सरपंच अविनाश सिंह ने बताया कि दूरस्थ क्षेत्र में आवागमन का कोई दूसरा वैकल्पिक मार्ग नहीं है। बड़ी संख्या में कोरवा समुदाय के लोग टमाटर की खेती कर रहे हैं। गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण का खामियाजा वर्षों तक क्षेत्र के ग्रामीणों को भुगतना पड़ता है। सड़क का जल्द दोबारा निर्माण नहीं किया गया तो ग्रामीण चक्काजाम आंदोलन करेंगे

### बारिश के बाद होगा निर्माण

अभी जनमन सड़क का निर्माण पूरा नहीं हुआ है। लगातार बारिश होने के कारण निर्माण रोका गया है। बारिश बंद होते ही पुलियों, सीसी सड़क एवं क्षतिग्रस्त सड़क का निर्माण कराया जाएगा।

-लक्ष्मी ठाकुर
उपयंत्री, पीएम जीएसवाय



## पहली बारिश भी नहीं झेल पाई 83 लाख में बनी जनमन की सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

विशेष संरक्षित जनजाति पहाड़ी कोरवा समुदाय के लोगों को मूलभूत सुविधाएं और आवागमन के साधन उपलब्ध कराने के लिए शासन की ओर से तो पहल की जा रही है और करोड़ों रूपए की राशि जारी की गई है लेकिन निचले स्तर पर अधिकारी पीवीटीजी समुदाय के लोगों को मिलने वाली सुविधाओं का बुरा हाल कर रहे है। ठेकेदार और अधिकारियों की मिलीभगत से 83 लाख रूपए की सड़क एक बारिश नहीं झेल सकी। बताया जा रहा है कि पीएम जनमन योजना के तहत विकासखंड के ग्राम पंचायत बेलदगी से मुड़ापारा तक 83.93 लाख रूपए की लागत से 1.215 किमी सड़क निर्माण की स्वीकृति दी गई थी। प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग को सड़क निर्माण की जिम्मेदारी दी गई और विभाग द्वारा माय्पुर के ठेकेदार मेसर्स नित्यानंद सिंह को सड़क निर्माण का टेंडर दिया गया था। ठेकेदार द्वारा 83 लाख रुपए की लागत से सड़क का निर्माण तो कर दिया गया है लेकिन पहाड़ी कोरवा समुदाय के लोगों को आवागमन की सुविधा प्रदान करने बनाई गई सड़क भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। 20 मार्च को सड़क का काम पूरा हुआ और निर्माण पूर्ण होने के तीन माह के बाद ही सड़क पहली बारिश नहीं झेल पाई और सड़क पर बड़ी बड़ी दरारें आ गई है। बारिश में सड़क के जर्जर होने से लोगों में आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार ने गुणवताहीन सड़क का निर्माण किया। सड़क निर्माण से पहले रिटेनिंग वाल का निर्माण नहीं कराया गया। रिटेनिंग वाल नहीं होने से मिट्टी कटाव के कारण सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। ऐसे में जब तक रिटेनिंग वाल का निर्माण नहीं कराया जाता है तब तक सड़क के टिकने की संभावना नहीं है। इस संबंध में लुंड्रा विधायक प्रतिनिधि राकेश साहू ने बताया कि नव निर्मित सड़क में दरारें आ गई है। इस लापरवाही से विधायक प्रबोध मिंज को अवगत कराया गया है। विधायक ने एसडीओ को तत्काल सड़क सुधार करने और गुणवत्ताहीन कार्य की जांच के निर्देश दिए है।

- बेलदगी से मुड़ापारा तक कराया गया है निर्माण, ग्रामीणों में रोष

### ग्राम राईं में पानी भरने के दौरान कुएं में गिरने से विवाहिता की मौत

**बिश्रामपुर।** कुएं में पानी भरने के दौरान डूबने से विवाहिता की मौत हो गई है। करंजी पुलिस ने बताया कि ग्राम राई अपनापारा निवासी 40 वर्षीय सुशीला पैकरा पति सुरेंद्र पैकरा 10 जुलाई की शाम कुएं में पानी भरने गई थी, जहां फिसलकर गिर गई। परिजन द्वारा काफी तलाश किए जाने के बाद भी कोई सुराग नहीं मिल पाया। शनिवार को जब विवाहिता का छोटा पुत्र कुएं में जाकर देखा तो विवाहिता का शव ऊपर पानी में तैर रहा था।सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत शव को परिजन के सुपुर्द किया एवं मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

### किसान के सूने मकान से दिन दहाड़े चोरों ने नकदी समेत सोने- चांदी के जेवरात किए पार

बिश्रामपुर। खेत में काम करने गए एक किसान के सुने मकान में अज्ञात चोरों ने दिन दहाड़े धावा बोल करीब पचास हजार रुपए के नगदी समेत जेवरात चोरी कर लिया है। जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम तेलईकछार कोकासबहरा निवासी किसान रमाशंकर राजवाड़े पिता ननका राम शनिवार की सुबह सात बजे पूरे परिवार के साथ खेत में काम पर चला गया था। इसी बीच दोपहर एक बजे जब वापस घर लौटा तब देखा घर के मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ था।जब घर के अंदर जाकर देखा तो अज्ञात चोरों ने पेटी में रखे करीब बीस हजार रुपए नगदी समेत तीन नग सोने का मोहर, एक नग कान का झुमका, एक जोड़ी पायल को चोरी कर लिया है। पीड़ित किसान ने तत्काल मामले की सूचना जयनगर पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## एनएच की हालत जर्जर, कीचड़ में फंस रहे यात्री व माल वाहक वाहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

एनएच 343 की हालत बेहद खराब हो चुकी है। गड्ढों में तब्दील हो चुकी सड़क के कारण लोगों का आवागमन मुश्किल हो गया है। बारिश में गड्ढों को भरने डाले गए मुरुम के कारण स्थिति और भी खतरनाक हो गई है और वाहनों के पहिए कीचड़ में फंसने से जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। आवागमन में हो रही परेशानियों के कारण कई यात्री बसों ने अपने रूट ही परिवर्तित कर दिए है जिससे जिले के लोगों की परेशानियां दो गुनी हो गई है।

- हरपल बन रही जाम की स्थिति, यात्री बसों ने बदला रूट

बता दें कि एनएच 343 पर अंबिकापुर से रामानुजगंज तक सड़क की हालत बेहद जर्जर हो चुकी है। सड़क पर बने गड्ढों के कारण पहले ही लोग परेशां थे और अब गड्ढों को भरने के लिए डाली गई मुरुम के कारण कीचड व दलदल जैसी स्थिति बन गई है और वाहनों के पहिए फंस रहे है। ऐसे में अंबिकापुर से झारखण्ड की ओर जाने वाली 50 प्रतिशत यात्री बसों ने अपने मार्ग परिवर्तित कर दिए है जबकि कई संचालकों ने बसों का परिवहन बारिश में स्थगित आकर दिया है। ऐसे में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ से झारखंड की ओर जाने वाली अधिकांश बसें अंबिकापुर-प्रतापपुर-वाड्राफनगर-रामानुजगंज होते हुए झारखंड जा रही है। बसों की संख्या घटने से यात्रियों को बस के लिए घंटों इंतजार करना पड रहा है। वहीं आए दिन सड़क पर वाहनों के पहिए फंसने से जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। जिला मुख्यालय से एक किमी दूर और कोरिया घाट के समीप वाहनों के फंसने का सिलसिला जारी है।



### सीएससी दिवस समारोह में पवन को मिला प्रथम स्थान, डिप्टी सीएम ने किया सम्मानित

**बिश्रामपुर/मदनपुर।** छत्तीसगढ़ में डिजिटल समावेशन के 16 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राजधानी रायपुर स्थित सर्किट हाउस में आयोजित सीएससी दिवस समारोह में सूरजपुर जिले ने पूरे राज्य में अपनी अलग पहचान बना ली। डिजिटल सेवा, बैंकिंग और माइक्रो एटीएम जैसी तकनीकी सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सूरजपुर के तीन सीएससी संचालकों को राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, जिन्हें स्वयं उप मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया, गौरतलब है कि सीएससी कॉमन सर्विस सेंटर दिवस के अवसर पर राज्यभर से आए सैकड़ों वीएलई के बीच सूरजपुर जिले के पवन कुमार बर्मन डिजिटल सेवा पोर्टल व सीआरजीबी बैंकिंग सेवा में उत्कृष्ट कार्य के लिए राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।इसी तरह प्रतिमा साहू को डीजीपे माइक्रो एटीएम सेवा में पूरे छत्तीसगढ़ में पहला स्थान एवं युवत कुमार को बैंकिंग एवं अटल सेवा केंद्र के क्षेत्र में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान हुआ है।सम्मान समारोह में उपस्थित उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सभी विजेताओं को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उन्हें बधाई दी।इस दौरान सूरजपुर जिले के सीएससी डिस्ट्रिक्ट मैनेजर एनडी तिवारी ने भी मंच पर पहुंचकर जिले के विजेताओं का उत्साहवर्धन किया।

## जनता की समस्याओं को जानने एवं निराकरण का बेहतर माध्यम है शिविर : टोप्पो

**सीतापुर।** जनता की समस्याओं के निराकरण के लिए ग्राम पंचायत भुषु के आत्मानंद स्कूल परिसर में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि विधायक राम कुमार टोप्पो शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि शिविर के जरिए जनता एवं अधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित होता है। जनता इस मंच से अपनी एवं अपने क्षेत्र की समस्याओं को खुलकर व्यक्त करता है। शिविर जनता की समस्याओं को जानने एवं उसके निराकरण का एक बेहतर माध्यम है। विधायक ने कहा कि प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार जनता के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही है। इसका लाभ जनता को ज्यादा से ज्यादा मिल सके सरकार इसके लिए प्रतिबद्ध है। विधायक ने सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने वाले लाभार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। शिविर में आयोजित गर्भवती महिलाओं के गोदभराई कार्यक्रम के दौरान विधायक ने पौष्टिक आहार पर ध्यान देने की बात कही। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों से कहा कि गर्भवती महिलाओं को दिए जाने पौष्टिक आहार में कोई कमी न हो इसका आप सभी विशेष ध्यान रखेंगे। इस अवसर पर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष त्रिलोचन सदावर्ती, जिपं सीईओ,उप संचालक कृषि पीएस दिवान, एसडीएम नीरज कौशिक, एसडीओ अनिता एक्का, एसएडीओ लिली मॉरीश एक्का, हरिराम एक्का, तहसीलदार गोविंद सिन्हा, खुशबू शास्त्री, बीएस कुर्रे, गब्बर सिंह, रामप्यारी देवी, एके आइंद, तेजराम, छोटेलाल तिर्की, लेमेश्वर सिंह, जेपी नाग, उर्मिला कुजूर समेत विभागीय अधिकारी जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

- समाधान शिविर में शामिल हुए विधायक



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## शासन की मंशानुरूप जिले के विकास को दिशा देना प्राथमिकता: प्रभारी सचिव डॉ. प्रसन्ना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

राज्यपाल के सचिव व जिले के प्रभारी सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना की अध्यक्षता में आज जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में विभागवार अधिकारियों के परिचय पश्चात कलेक्टर एस. जयवर्धन द्वारा जिले के संबंध में संक्षिप्त परिचय दिया गया।

- अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर, टीम के रूप में कार्य करने की दी सलाह

शासन की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन व शासन की मंशानुरूप जिले के विकास को दिशा देना सभी की प्राथमिकता हो, इसके लिए सभी जिला अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर एक टीम के रूप में कार्य करें और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक पात्र



हितग्राही तक पहुंचना सुनिश्चित करें उक्त बातें जिले के प्रभारी सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना ने अपने वक्तव्य में कही। उन्होंने क्रमवार विभागों के योजनाओं की अद्यतन जानकारी ली और महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की। बच्चे का ध्यानाकर्षण शिक्षा की और बढ़े इसके लिए उन्होंने आंगनबाड़यों को स्कूल परिसर में खोलने या स्थापित करने के निर्देश दिए ताकि बच्चे, स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों को देखकर बच्चों का ध्यानाकर्षण स्कूली शिक्षा ओर हो और वो अपने बेहतर भविष्य के लिए प्रेरित हों। उन्होंने महिला एवं बाल विकास के जिला कार्यक्रम अधिकारी से स्वयं के भवन में संचालित न होने वाले आंगनबाड़ी के सम्बंध में अद्यतन जानकारी ली और भवन विहिन आंगनबाड़ी के अंतराल को कम करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। स्वास्थ्य को लेकर प्रभारी सचिव द्वारा महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि सभी डॉक्टर एवं स्टॉफ समय पर अस्पताल पहुंचे, डॉक्टरों द्वारा जैनरिक दवा लिखना ही सुनिश्चित किया जाए। साथ ही अस्पताल में जहां तक संभव हो जीरो रिफर पॉलिसी अपनाई जाए और अस्पताल में आए मरीजों को बेहतर से बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने हाई रिस्क प्रेग्नेंसी वाली महिलाओं के शत प्रतिशत स्क्रिनिंग, नियमित करने की बात कही। समीक्षा बैठक में एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर व डीएफओ पंकज कमल द्वारा क्रमशः पुलिस व वन विभाग के कार्य तथा योजनाओं के संबंध में बिंदुवार जानकारी मुहैया कराई गई।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान



डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com





चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ,
श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल )
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
16 अगस्त, 6 सितंबर, 17 सितंबर, 24 सितंबर, 29 सितंबर, 5 अक्टूबर 2025
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 14,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411